
# राजनाथ का पाक को दो टूक

## बात होगी तो सिर्फ पीओके पर : राजनाथ

**नई दिल्ली, 26 जुलाई. कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर पहुंचकर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की सुरक्षा तथा आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर पूरी मजबूती से कायम है और देश की सुरक्षा को चुनौती देने वाले किसी भी प्रयास का कड़ा जवाब दिया जाएगा.**

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया के सामने यह स्पष्ट कर दिया है कि



भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है. उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान भविष्य में किसी प्रकार का दुस्साहस करता है, तो भारत उसकी कल्पना से भी अधिक प्रभावी और कठोर जवाब देने की क्षमता रखता है.

राजनाथ ने पाकिस्तान पर आतंकवाद और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वहां आतंकवादी संगठनों और सरकारी तंत्र के बीच का अंतर लगातार कम होता जा रहा है.

उन्होंने कहा कि भारत जहां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं पाकिस्तान अब भी आतंकवाद और कट्टरपंथ की नीतियों में उलझा हुआ है. रक्षा मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यदि भविष्य में कोई बातचीत होती है तो उसका विषय केवल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) होगा.

**पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा, उस पर पाक का अवैध कब्जा**

उन्होंने कहा कि पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है और उस पर पाकिस्तान का कब्जा अवैध है. इसलिए किसी भी संवाद का केंद्र केवल यही मुद्दा हो सकता है. अपने संबोधन में उन्होंने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है. उन्होंने कहा कि कारगिल के रणबांकुरों ने कठिन परिस्थितियों में जिस अदम्य साहस का परिचय दिया, वह भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है.



## तेज प्रताप यादव न्यायिक हिरासत में

**पटना.** नीट पेपर लीक के विरोध में आयोजित बिहार बंद के दौरान हुए प्रदर्शन के बाद बिहार के पूर्व मंत्री और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव को गिरफ्तार कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. शनिवार देर रात पटना पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें बेऊर जेल भेजने का आदेश दिया गया. 25 जुलाई को पटना में आयोजित बिहार बंद के दौरान तेज प्रताप यादव प्रदर्शन में शामिल हुए थे. उसी दौरान पुलिस ने उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था.

# विक्रम-1 लॉन्च से बढ़ा देश का गौरव

**नई दिल्ली, 26 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड में विक्रम-1 के सफल लॉन्च के बारे में बात की. उन्होंने कहा विक्रम-1 लॉन्च से हर देशवासी गौरवान्वित हुआ. हम सभी भारतीय स्पेस सेक्टर के इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने. पीएम मोदी ने कहा कि ये प्राइवेट सेक्टर द्वारा विकसित भारत का पहला रॉकेट है.**

उन्होंने कहा कि देश के युवा इनोवेटर्स ने वो कर दिखाया, जिसकी कल्पना तक मुश्किल थी. पीएम मोदी ने युवाओं के कौशल, जुनून और धैर्य की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि लंबे समय तक हमारा स्पेस सेक्टर निजी क्षेत्र के लिए बंद रहा था. इस सेक्टर में रुचि रखने वाले काफी युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने



का अवसर नहीं मिल पा रहा था. युवा हित को देखते हुए हमने स्पेस सेक्टर को को निजी क्षेत्र के लिए खोला. आज इसका परिणाम दुनिया देख रही है. पीएम मोदी ने कहा कि हमारे युवा साथी विज्ञान में भी भारत का मस्तक ऊंचा कर रहे हैं. विज्ञान ओलंपियाड दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगितायों में से एक हैं. इनमें बड़ी संख्या में छात्र हिस्सा लेते हैं. मन की बात में उन्होंने आगे कहा कि इसी महीने फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और गणित का ओलंपियाड हुआ. इन प्रतियोगिताओं में भारतीय दल शानदार प्रदर्शन कर रहा है. फिजिक्स ओलंपियाड में हमारे सभी पांच छात्रों ने गोल्ड मेडल जीता और भारत ने पहली रैंक हासिल की.

पिछले एक दशक में हर फिजिक्स ओलंपियाड में हमारे देश के छात्रों ने गोल्ड या सिल्वर मेडल जरूर जीते हैं. केमिस्ट्री ओलंपियाड में भी हमारे सभी छात्रों ने गोल्ड मेडल जीते. ये अब तक की बेस्ट परफॉर्मेंस रही है. पीएम मोदी ने बताया कि बायोलॉजी ओलंपियाड में भी हमारे सभी छात्रों ने मेडल जीते, इनमें एक गोल्ड मेडल भी शामिल है. वहीं, गणित ओलंपियाड में हमारे छात्रों ने दो स्वर्ण और चार रजत पदक अपने नाम किये. प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे देश की युवा शक्ति पर बहुत गर्व है. यह देखकर खुशी होती है कि भारत में ओलंपियाड और हैकथॉन की संस्कृति लगातार बढ़ रही है.

# भारतीय योद्धाओं का कोई मुकाबला नहीं : धीरज सेठ



**नई दिल्ली, 26 जुलाई. कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर देश ने 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की.**

लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया. पत्रकारों से बातचीत में जनरल धीरज सेठ ने कहा, मैं इस अवसर पर हमारे बहादुर वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि भारतीय सेना का योद्धा दुनिया की किसी भी सेना के सैनिक से श्रेष्ठ है.

## नेपाल में भी हुआ पेपर लीक कई संदिग्ध हिरासत में

**काठमांडू, 26 जुलाई.** भारत में पेपर लीक मामले के बाद जेन जी आंदोलन खड़ा हो गया तो वहीं नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद पेपर लीक की रिपोर्ट आयी है. इस पर नेपाल पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार सुबह कई संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है. वहीं, पेपर लीक की निष्पक्ष जांच के लिए त्रिभुवन विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रण विभाग ने अच्युत ज्ञवाली की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जिसमें पुष्कर रैखाला और महेश राज ओझा शामिल हैं.

# विजयेंद्र भावसार को मिला उत्कृष्टता सम्मान

**मुंबई, 26 जुलाई. अंतरराष्ट्रीय पीआर दिवस 2026 के अवसर पर जनसंपर्क और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पेशेवरों को सम्मानित किया गया.**

इसी क्रम में पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया, मुंबई चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन विभाग में कार्यरत विजयेंद्र भावसार को 'पब्लिक रिलेशन्स एक्सीलेंस रिकग्निशन' सम्मान प्रदान किया गया. यह सम्मान जनसंपर्क क्षेत्र में उनकी



लंबी और प्रभावशाली यात्रा, रणनीतिक संवाद क्षमता तथा संस्थागत प्रतिष्ठा को मजबूत बनाने में उनके योगदान के लिए दिया गया. विजयेंद्र भावसार ने पिछले 25 वर्षों से अधिक समय में कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है. अपने करियर के दौरान उन्होंने बिजली, इंफ्रास्ट्रक्चर, दूरसंचार, बैंकिंग, एफएमसीजी, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, शिक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य किया है.

# खुले बोरवेल में गिरकर 6 साल के बच्चे की मौत

**नई दिल्ली, 26 जुलाई. नॉलेज पार्क स्थित कलाधाम सोसायटी में छह वर्षीय मासूम अव्यान की बोरवेल के गड्ढे में गिरकर हुई मौत ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.**



हादसे के बाद सामने आया है कि जिस ट्यूबवेल का निर्माण प्राधिकरण की योजना के तहत ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में किया जाना था, उसकी खुदाई सोसायटी परिसर के भीतर ही शुरू कर दी गई थी. बिना अनुमति हुए इस काम और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर अब जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई शुरू हो गई है. कलाधाम सोसायटी में बोरवेल के लिए एक गहरा गड्ढा खोदा गया था. खोदाई के बाद उसे सुरक्षित तरीके से बंद नहीं किया गया था.

## एक नजर में

### पाकिस्तान के पंजाब में बारिश का कहर, 7 की मौत

**इस्लामाबाद, 26 जुलाई.** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में लगातार हो रही भारी बारिश ने व्यापक तबाही मचाई है. पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए. अधिकांश हादसे मकानों की छत गिरने, डूबने और बिजली का करंट लगने के कारण हुए हैं. कई जिलों में मकानों को नुकसान पहुंचा है और बड़ी संख्या में मवेशियों की भी मौत हुई है. लाहौर में गढ़ी शाहू रेलवे कॉलोनी, बॉबी प्लाजा, सग्गियां पिंड और काहना इलाके में छत गिरने की चार अलग-अलग घटनाओं में एक पुरुष, एक महिला और एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए. कसूर जिले में अड्डा ढिंग शाह के पास एक मकान की छत गिरने से एक व्यक्ति और एक बच्चे की जान चली गई तथा एक महिला और दो बच्चे घायल हो गए.

### लता गुप्ता बनीं दिल्ली महिला आयोग की नई अध्यक्ष

**नई दिल्ली, 26 जुलाई.** लंबे समय से खाली पड़े दिल्ली महिला आयोग के महत्वपूर्ण पदों पर आखिरकार नियुक्तियां कर दी गई हैं. दिल्ली सरकार ने लता गुप्ता को दिल्ली महिला आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है. इसके साथ ही सरकार ने निर्मल जैन को दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है. लता गुप्ता को दिल्ली महिला आयोग का अध्यक्ष व श्याम बाला, मालती वर्मा, लता सोढ़ी, सनरक्षिका शर्मा झा और रेनू भल्ला को आयोग का सदस्य बनाया गया है. दिल्ली सरकार ने निर्मल जैन को दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है. जबकि कुलदीप सिंह और मोहम्मद हारून को सदस्य नियुक्त किया गया है. दिल्ली मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट में कहा, 'दिल्ली सरकार समाज के सभी वर्गों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है.

## आज का इतिहास

- 1992 – प्रसिद्ध अभिनेता अमजद ख़ान का निधन.
- 1994 – निशानेबाज जसपाल राणा ने विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता.
- 1996 – अमेरिका के जार्जिया प्रांत के अटलांटा शहर में आयोजित ओलंपिक खेलों के रंगारंग कार्यक्रम के दौरान बम धमाका.
- 2002 – उक्रेन में एक विमान दुर्घटना में 70 व्यक्ति मारे गये.
- 2006 – रूसी प्रक्षेपण यान नेपर ज़मीन पर गिरा.
- 2017 – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एन. धरम सिंह का निधन.

# आंध्र प्रदेश में कोरोना के 10 नए मामले

**49 हो गई कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर**

**हैदराबाद, 26 जुलाई. आंध्र प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है. शनिवार को राज्य में 10 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई, जिसके बाद कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है.**

वास्थ्य विभाग ने बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी जिलों में निगरानी और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं. स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार की शाम को जारी बुलेटिन के अनुसार, नए मामलों में सबसे अधिक तीन मरीज गुंटूर जिले से मिले हैं. इसके अलावा एनटीआर जिले में दो नए मामले सामने आए हैं, जबकि अल्लूरी सीताराम राजू, एलुरु, कृष्णा, तिरुपति और विशाखापत्तनम जिलों में एक-एक नया संक्रमित मरीज मिला है. विभाग ने बताया कि अब तक कुल 302 लोगों की कोविड-19 जांच की जा चुकी है.

# हिमंता ने अपने मंत्री का किया बचाव

**हर वयस्क को अपने विचार रखने का अधिकार है : हिमंता**

**गुवाहाटी, 26 जुलाई. असम की राजधानी गुवाहाटी में नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के बीच एक नया राजनीतिक विवाद सामने आया है. इस प्रदर्शन में असम सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री केशब महंता की बेटी दिबिसा के शामिल होने की खबर ने राज्य की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है.**

सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ वीडियो में दिबिसा को प्रदर्शनकारियों के साथ नारे लगाते हुए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए दिखाए जाने का दावा किया गया है. कुछ पोस्ट में प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लगाने का भी आरोप लगाया गया है. हालांकि, इन वीडियो और दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है. वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया. हिमंता ने मंत्री केशब महंता का बचाव करते हुए कहा कि किसी पिता को उसकी वयस्क बेटी के राजनीतिक विचारों या फैसलों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए.



उन्होंने कहा कि हर वयस्क नागरिक को अपने विचार रखने और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी राजनीतिक राय व्यक्त करने का अधिकार है. मुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि किसी व्यक्ति के पारिवारिक संबंधों के आधार पर उसकी राजनीतिक जवाबदेही तय करना उचित नहीं है. उनके अनुसार, सार्वजनिक जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच अंतर बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है.

# मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 17 राज्यों में अलर्ट

## दिल्ली-एनसीआर में पांच दिन बरसेंगे बदरा

**नई दिल्ली, 26 जुलाई. मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार देश के 17 राज्यों में बारिश की गतिविधियां तेज रहने की संभावना है. कई राज्यों में गरज-चमक, बिजली गिरने और कहीं-कहीं भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है. इसी बीच दिल्ली-एनसीआर के लिए भी अगले पांच दिनों तक लगातार बारिश की संभावना जताई गई है. रविवार और सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है.**

हालांकि मंगलवार से मौसम का मिजाज तेजी से बदलेगा और वर्षा की गतिविधियां बढ़ने की





संभावना है. इसी को देखते हुए विभाग ने मंगलवार और बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है.

नोएडा में 26 जुलाई को मौसम सामान्य रहने और हल्के बादल छाए रहने का अनुमान है. गाजियाबाद में भी आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ किसी बड़ी मौसमीय गतिविधि की संभावना नहीं है.

**असम में बाढ़ से 6.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित**

असम के छह जिलों में अब भी 6.5 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और इस वर्ष बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 66 हो गई है. हालांकि, अधिकारियों के अनुसार, रविवार को बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है. राज्य के अधिकांश प्रभावित इलाकों में रात भर बारिश न होने के कारण पानी का स्तर घट रहा है. असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि ऊपरी असम के अधिकांश बाढ़ प्रभावित इलाकों, खासकर चराइदेव, शिवसागर और जोरहाट जिलों में पानी का स्तर घट रहा है.


# वेस्ट बैंक में बड़े ऑपरेशन की तैयारी में इजरायल : नेतन्याहू

**नई दिल्ली, 26 जुलाई. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बड़े स्तर पर कार्रवाई के लिए तैयार है. उनके इस बयान को इलाके में सैन्य अभियान तेज करने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है.**



इजरायल और फिलिस्तीन के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है. इसी बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि इजरायल कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बड़े स्तर पर कार्रवाई के लिए तैयार है. उनके इस बयान को इलाके में सैन्य अभियान तेज करने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है. नेतन्याहू ने पत्रकारों से कहा कि सुरक्षा बलों को गांवों में जाने, तलाशी लेने, हथियार जब्त करने और लोगों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं. क्षेत्र में जारी छापों और हिंसक झड़पों के बीच यह रुख काफी सख्त माना जा रहा है. बातचीत के दौरान यह बात जोर देकर कही गई कि 'आतंकी ठिकानों' के खिलाफ इजरायल व्यापक कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है.

## हस्तियों के ट्वीट



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, 'कारगिल विजय दिवस' भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और अद्भुत पराक्रम का प्रतीक है। वर्ष 1999 में हिमालय की दुर्गम बर्फीली चोटियों पर विषम परिस्थितियों और शत्रु के ऊंचाई पर स्थित मोर्चों के बावजूद, हमारे वीर जवानों ने 'ऑपरेशन विजय' के माध्यम से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। 'कारगिल विजय दिवस' पर उन सभी वीर सपूतों का स्मरण कर नमन करता हूं, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देश की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखा.



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट किया, आज कारगिल विजय दिवस पर, पूरा देश हमारे उन बहादुर नायकों को सलाम करता है जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए कारगिल युद्ध में अपनी जान गंवाई। कारगिल विजय दिवस 1999 में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत की याद दिलाता है.

**संबोधन** — सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं के प्रति रहें जागरूक

# भारत की प्रगति से विदेशी ताकतें असहज : योगी



**लखनऊ, 26 जुलाई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आगरा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में शिक्षकों और उच्च शिक्षण संस्थानों से युवाओं को सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में तकनीक जितनी उपयोगी है, उतनी ही सावधानी की भी मांग करती है.**

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की प्रगति और बढ़ते वैश्विक प्रभाव से असहज कुछ विदेशी ताकतें अत्याधुनिक तकनीक और विदेशी धन का दुरुपयोग कर समाज में भ्रम, विद्वेष और अव्यवस्था फैलाने का प्रयास कर रही हैं. उनके अनुसार, सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली अपुष्ट और भ्रामक सूचनाएं विशेष रूप से युवाओं को प्रभावित कर सकती हैं. इसलिए शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी पहले से अधिक बढ़ गई है. योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों को सही और गलत जानकारी के बीच अंतर समझने, तथ्यों की जांच करने तथा जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए भी प्रेरित करें.

उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी उन्हीं के कंधों पर है. मुख्यमंत्री ने तकनीक के सकारात्मक उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम शिक्षा, नवाचार और विकास का सशक्त साधन बन सकते हैं, यदि उनका उपयोग जिम्मेदारी और विवेक के साथ किया जाए. उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने की सीख देने का भी आग्रह किया.

## यूरोप के जंगलों में भीषण आग, 3 लाख लोग बेघर

**मैड्रिड, 26 जुलाई.** फ्रांस और स्पेन के जंगलों में लगी भीषण आग के बेकाबू होने के बाद आपात स्थिति पैदा हो गयी है. दोनों देशों के प्रभावित इलाकों से तीन लाख से अधिक स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है. फ्रांस में शांति काल के दौरान चलाया गया यह अब तक का सबसे बड़ा नागरिक निकासी अभियान बन गया है. इस बीच, पूर्वी स्पेन में आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है. फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम स्थित बोर्डो शहर के आसपास के जंगलों में आग बेहद भयानक रूप ले चुकी है, जिससे अकेले इस क्षेत्र में जबरदस्त तबाही हुई है.

# मैं महाराष्ट्र में हूँ और यहीं रहूंगा : देवेंद्र

**नागपुर, 26 जुलाई. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राष्ट्रीय राजनीति में जाने की अटकलों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान महाराष्ट्र के विकास और राज्य की जिम्मेदारियों पर है। रविवार को नागपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वह महाराष्ट्र छोड़कर दिल्ली नहीं जा रहे हैं और राज्य में अभी उनका काफी काम बाकी है.**

मुख्यमंत्री ने कहा, आज मैं नागपुर में हूं और शाम को मुंबई जाऊंगा. मैं मुंबई और महाराष्ट्र में ही हूं.' उन्होंने अपने संक्षिप्त लेकिन स्पष्ट बयान से यह संकेत दिया कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी संभावित भूमिका को



लेकर चल रही चर्चाओं का फिलहाल कोई आधार नहीं है. शनिवार को देवेंद्र फडणवीस का दिल्ली दौरा राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया था. उनके राजधानी दौरे के बाद विभिन्न राजनीतिक अटकलें लगाई जाने लगीं कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है. इसी दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबरों के बीच इन चर्चाओं ने और जोर पकड़ लिया. फडणवीस ने इन अटकलों को ज्यादा महत्व नहीं देते हुए कहा कि उनका पूरा ध्यान महाराष्ट्र के प्रशासन और विकास कार्यों पर केंद्रित है.

उन्होंने संकेत दिया कि राज्य की जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता है. फडणवीस के इस बयान से फिलहाल उनके राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की चर्चाओं पर विराम लग गया है. उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि उनका वर्तमान फोकस महाराष्ट्र में सरकार के कामकाज को आगे बढ़ाने और विकास परियोजनाओं को गति देने पर है.